चेतावनी | करदाताओं के पास अब केवल 6 दिन शेष

लक्ष्य को पूरा नहीं करने वालों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम ने करदाताओं के लिए महत्वपूर्ण और राहत कारी सूचना जारी की है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति में अब मात्र 6 दिन शेष रह गए हैं। यदि आप अपने बकाया करों संपत्ति कर, जल कर आदि पर अधिभार से बचना चाहते हैं, तो 31 मार्च तक का समय आपके लिए बेहद कीमती है। 1 अप्रैल से बकाया राशि पर डबल सरचार्ज लागू हो जाएगा। राजस्व वसूली की गंभीरता को देखते हुए निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार सख्त में नजर आए। उन्होंने बुधवार को राजस्व, स्वास्थ्य, बाजार और जल विभाग के अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कर संग्रहण के निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में पूरा किया जाए। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने विभागवार प्रगति की रिपोर्ट देखी। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को टैक्स जमा करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जो अधिकारी या कर्मचारी अपने निर्धारित टारगेट को पूरा करने में विफल रहेंगे, उनके विरुद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। राजस्व वसूली में किसी भी स्तर पर लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, अंजू सिंह ठाकुर, उपायुक्त संभव अयाची, अंकिता जैन, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, पोला राव, अनिल बारी के साथ सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी, नगदी, जेवरात पार

जबलपुर। भेड़ाघाट अंतर्गत सहजपुर की प्रज्ञा कॉलोनी में एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों नगदी, जेवरात पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रज्ञा कॉलोनी सहजपुर निवासी विनय तिवारी (42) किसान हैं। वे अपनी मां श्रीमती निर्मला बाई को उनके पैतृक गांव कैंथरा शहपुरा छोड़ने गए थे। घर सूना पाकर चोरों ने मौका पा लिया। सुबह जब विनय वापस लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। घर की बाउण्ड्री वॉल का गेट और बेडरूम का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अंदर का सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था और अलमारी खुली हुई थी।चोरों ने अलमारी में रखे बच्चे के पर्स से 2500 रुपये नगद, प्लास्टिक के डिब्बे में रखे बेनटेक्स के 6 कड़े और बेनटेक्स की एक चेन चोरी कर ली। पुलिस प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान हो सके ।

कोर्ट में हंगामा, युवक को वकीलों ने पीटा

तीन नामजद समेत अन्य पर एफआईआर दर्ज

नवभारत,जबलपुर। जिला न्यायालय परिसर में को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पेशी पर आए एक युवक के साथ अधिवक्ताओं के एक गुट ने कथित तौर पर मारपीट कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना ओमती पुलिस ने तीन नामजद अधिवक्ताओं सहित उनके अन्य साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमखेरा गोहलपुर निवासी रितेश मारवाह (38) का जिला न्यायालय के कोर्ट नंबर 30 में अपने एक पुराने मामले की चालान पेशी के लिए जैसे ही वे कोर्ट पहुंचा वहां पहले से मौजूद अधिवक्ता दामोदर पाटकर, दीपक पटेल, योगेश कोरी और उनके अन्य साथियों ने उसें घेर लिया और मारपीट कर दी। शिकायतकर्ता रितेश ने बताया कि 13 फरवरी 2025 को अधिवक्ता योगेश कोरी के साथ उनका पुराना विवाद हुआ था, जिसकी शिकायत गोहलपुर थाने में दर्ज है।

इसी रंजिश को लेकर कोर्ट परिसर में ही वकीलों ने रितेश के साथ विवाद शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि वकीलों ने युवक पर लात-घूंसों और मुक्कों से हमला कर दिया। हमले में रितेश को गंभीर चोट आई है। मारपीट के बाद आरोपियों ने सरेराह उन्हें धमकाया कि यदि वे दोबारा कोर्ट परिसर में नजर आया तो जान से खत्म कर देंगे । घायल अवस्था में पीड़ित ने ओमती थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई। फिलहाल ओमती पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

संजय यादव अध्यक्ष, अंकित महासचिव निर्वाचित

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में कर्मचारी संघ चुनाव परिणाम घोषित

नवभारत, जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर में शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के बहुप्रतीक्षित वर्ष 2026 के चुनाव परिणामों की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के बाद परिसर में उत्साह का माहौल देखा गया। अध्यक्ष पद पर संजय कुमार यादव ने 217 मत प्राप्त कर कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। वहीं महासचिव पद पर अंकित श्रीवास ने 197 मतों के साथ सफलता हासिल की। दोनों पदों पर जीत के बाद कर्मचारियों की अपेक्षाएं अब नई टीम से बढ़ गई हैं। परिणाम घोषित होते ही विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है और कर्मचारियों में नई उम्मीदों का माहौल नजर आ रहा है।

अन्य पदों के परिणाम भी घोषित

इसके साथ ही चुनाव में अन्य पदों पर भी परिणाम घोषित किए गए, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर रामसजीवन सौंधिया (191 मत) और वीरेन्द्र कुमार तिवारी (138 मत) निर्वाचित हुए। संयुक्त सचिव के रूप में रोहित आर्या (133 मत) और कोषाध्यक्ष पद पर सौरभ पटेल (146 मत) ने जीत दर्ज की। कार्यकारिणी समिति के पांच पदों पर दीपक पाण्डेय (157), प्रकाश चौबे (155), गणेश प्रसाद उनेहा (124), सनी यादव (105) और रामशंकर द्विवेदी (95) विजयी घोषित किए गए हैं। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का कार्यकाल वर्ष 2026 के लिए रहेगा।

60 वारंटी, 33 तस्कर, 2 चाकूबाज पकड़ाए

जबलपुर। पिछले 24 घंटे में शहर से लेकर ग्रामीण अंचल की पुलिस ने गुंडे-बदमाशों पर कार्रवाई की ।पिछले कई वर्षो से फरार 5 गैरम्यादी, 55 म्यादी वारंटी, को गिरफ्तार किया गया है एवं 74 जमानती वारंट तामील किये गये। सार्वजनिक स्थान पर शराब पिलाने वाले व्यक्तियों सहित, अवैध शराब के कारोबार में लिप्त 33 व्यक्तियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 115 पाव देशी, अंग्रेजी एवं 29 लीटर कच्ची शराब जप्त की गयी तथा 2 व्यक्तियो के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 2 चाकू जप्त किये गये। इसी प्रकार मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये 15 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये 9 हजार 890 रूपये समन शुल्क वसूला गया।

ग्लब्स-मास्क के बिना सफाई करने पर मजबूर कर्मचारी

जिम्मेदार कर रहे अनदेखी

गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे सफाई कर्मी

बिना ग्लब्स, बिना मास्क के सड़क पर काम करते नजर आ रहे कर्मी

नवभारत,जबलपुर। न हाथ में ग्लब्स, न चेहरे में मास्क और न यूनिफॉर्म फिर भी सड़कों में झाड़ू लगाकर अपनी ड्यूटी पूरी करते सफाई कर्मी इन दिनों नजर आ रहे हैं। जबकि अगर स्वास्थ्य की बात करें तो मास्क न होने की वजह से पूरे कचरे की धूल सफाई कर्मियों के शरीर के भीतर पहुंचती है और फिर संक्रामक बीमारियों की चपेट में संबंधित कर्मियों को ले रही है। लेकिन इस गंभीर मुद्दे की ओर नगर निगम प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है।

नाम न छापने की शर्त पर नगर निगम के कुछ कर्मचारियों ने नवभारत को बताया कि उन्होंने कई बार अपने ठेकेदार और निगम के आला अधिकारियों से मांग की कि उन्हें मास्क और ग्लब्स उपलब्ध कराए जाएं लेकिन आज तक उनकी ये मांग पूरी नहीं हो सकी है। खबर है कि बड़ी तादाद में मौजूद सफाई कर्मियों में से इक्का-दुक्का को छोड़ दें तो किसी के पास ग्लब्स, मास्क सफाईकरते वक्त मौजूद नहीं हैं और वे अपने स्वास्थ्य को जोखिम में डालकर सफाई करते सड़क पर नजर आ रहे हैं। नवभारत के कैमरे में भी सड़क में बिना ग्लब्स, बिना मास्क के एक महिला कर्मचारी झाड़ू लगाते कैद हुई जिसने व्यवस्था पर सवाल खड़े किए।

जिम्मेदारी लेता नहीं आ रहा कोई नजर

जानकारी के अनुसार बिना ग्लब्स व बिना मास्क के हाथों में झाड़ू लेकर जो सफाई कर्मी शहर में अपनी ड्यूटी पूरी कर रहे हैं उनमें से अधिकांशत: सर्दी , खांसी और अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो चुके हैं लेकिन हकीकत में उनकी देखरेख करने की जिम्मेदारी निगम प्रशासन की ओर से कोई लेता नहीं नजर आ रहा है।

जबकि नियमों के मुताबिक नगर निगम प्रशासन के द्वारा निगम के हर एक सफाई कर्मी को मास्क, ग्लब्स, यूनिफॉर्म दी जाना चाहिए जिससे उसकी सेहत में फर्क न पड़े।

स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम भी करती है जांच

जानकारी के अनुसार स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम जब जबलपुर आकर सफाई से लेकर सफाई कर्मियों की जांच करती है तो उसमें ये भी देखा जाता है कि सफाई कर्मियों के पास सफाई किट उपलब्ध है कि नहीं। अगर ये किट नदारद मिलती है तो निश्चित है कि स्वच्छता में मिलने वाले नंबर काट दिए जाते हैं।

एक नजर में

बंद लाइन में करंट आने से आउटसोर्स कर्मी की मौत

नवभारत, जबलपुर। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के जबलपुर सिटी सर्किल के अंतर्गत दक्षिण संभाग में 24 मार्च की शाम शाहनाला तिलवारा रोड पर शैलू ठेकेदार के कर्मी विद्युत लाइन खींचने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान मुकेश मरावी (उम्र 40 वर्ष) 11 केवी के पोल पर चढ़कर काम कर रहे थे, तभी अचानक उन्हें करंट लगने से झूला के सहारे लाइन में फंसकर लटक जाना पड़ा। ठेकेदार द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से मुकेश को पोल से नीचे उतारा गया और तत्काल मेडिकल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि शैलू ठेकेदार ने 11 केवी लाइन को बंद करने का परमिट लिया था। ऐसे में यह सवाल उठता है कि विद्युत कैसे सप्लाई चालू हो गई। संघ के सदस्य केएन लोखंडे, एसके मौर्य, शशि उपाध्याय, ख्यालीराम, महेश दुबे, राम शंकर, मोहन दुबे, मदन पटेल, लाखन सिंह राजपूत, किशोर और टी डेविड ने मानव अधिकार आयोग से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने मृत ठेका कर्मी की पत्नी और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए ठेकेदार द्वारा 20 लाख रुपये की सहायता राशि दिलाए जाने की भी अपील की है।

शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन तक चलेगी कटरा एक्सप्रेस

जबलपुर। उत्तर रेलवे द्वारा जम्मूतवी मण्डल में अधोसंरचनात्मक कार्य के चलते ब्रिज का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जिससे रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 11449/50 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन के एक-एक ट्रिप को शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन पर आंशिक रूप से समाप्त एवं प्रारंभ किया जाएगा। 31 मार्च को अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से चलने वाली ट्रेन संख्या 11449 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस को शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन पर ही समाप्त किया जाएगा। यह रेलसेवा शहीद कैप्टन तुषार महाजन-श्री माता वैष्णो देवी कटरा के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। इसी प्रकार, वापसी दिशा में 01 अप्रैल को अपने प्रारंभिक स्टेशन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से चलने वाली ट्रेन संख्या 11450 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस को शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन से प्रारंभ किया जाएगा।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

नवभारत,जबलपुर। तिलवारा थाना अंतर्गत बिल्लाबोंग स्कूल तिराहे पर बिजली के खंभे पर तार लगाते समय एक युवक करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम हिनौतिया टोला चौकी गौर, बरेला निवासी रोहित मरावी (20) शास्त्रीनगर ने सूचना दी तिलवारा रोड स्थित शाहनाला पुलिया के आगे बिल्लाबोंग स्कूल तिराहे पर उसके चाचा मुकेश मरावी (40) बिजली के खंभे पर तार लगा रहे थे, तभी अचानक वह करंट की चपेट में आ गए और झुलसकर खंभे पर ही फंस गए। आनन-फानन में मुकेश को नीचे उतारा गया और तुरंत इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। मेडिकल कॉलेज पहुँचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत मुकेश मरावी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

शताब्दीपुरम में जुए की फड़ पर पुलिस का छापा

नवभारत,जबलपुर। लार्डगंज थाना क्षेत्र के शताब्दीपुरम में देर रात पुलिस ने दबिश देकर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों समेत हजारों की नगदी जब्त की है। थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि सूचना मिली थी कि शताब्दीपुरम डीपी के पास कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने दबिश दी। पुलिस को देखते ही जुआरियों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर जुआरी राजेश भट्ट निवासी दीक्षितपुरा, शैलेन्द्र अग्रवाल निवासी मिलौनीगंज, प्रकाश तिवारी निवासी पत्रकार कॉलोनी, प्रदीप गुप्ता निवासी विजयनगर और दीपक गुप्ता निवासी कैंट को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से और फड़ से कुल 6,300 रुपये नगद तथा ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं।

नगर निगम मुख्यालय के सामने दिनभर खड़ा रहा कचरे से लोड ट्रैक्टर

नवभारत के कैमरे में कैद तस्वीर ने खोली पोल

सामने से निकलने के बाद भी जिम्मेदारों ने की अनदेखी

नवभारत,जबलपुर। शहर में नगर निगम के स्वच्छता के तमाम दावे उस वक्त खोखले साबित होते दिखे जब नगर निगम मुख्यालय के सामने ही कचरे से लोड एक ट्रैक्टर सुबह से लेकर रात करीब 8 बजे तक सड़क किनारे खड़ा रहा। उस कचरा वाहन में न तो कोई चालक मौजूद था और न कोई अन्य जिम्मेदार- कचरा वाहन लावारिस हालात में दिनभर नगर निगम मुख्यालय के सामने खड़ा रहा जिसमें से कचरा जमीन पर भी गिर रहा था। हैरानी की बात तो ये है कि नगर निगम मुख्यालय के गेट से सुबह से लेकर शाम तक निगम के कमिश्नर, महापौर से लेकर अन्य अधिकारियों के वाहन भी निकले लेकिन किसी ने भी इस कचरा वाहन को हटाने की जरूरत उचित नहीं समझी।

गौरतलब है कि महापौर का बंगला भी नगर निगम मुख्यालय के बाजू में ही स्थित है और उनके बंगले के सामने भी ये कचरा वाहन दिन भर खड़ा रहा और जिम्मेदारों की कार्यशैली की पोल खोलता रहा। नवभारत के कैमरे में कैद तस्वीर ने सफाई के तमाम दावों की पोल खोली और जिम्मेदारों की कार्यशैली को उजागर किया कि अधिकारी किस तरह ये अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

जिम्मेदारों की कार्यशैली कटघरे में

सवाल ये खड़ा होता है कि ये कचरा वाहन आखिर आया कहां से और दिनभर नगर निगम मुख्यालय के सामने क्यों खड़ा रहा। आसपास के लोगों ने नवभारत को बताया कि वाहन खड़ा करके चालक कहीं गया है जो अभी तक नहीं आया है। सवाल ये भी उठा कि नगर निगम प्रशासन के जिम्मेदारों द्वारा शहर में हर जगह स्वच्छता को लेकर तमाम दावे किए जाते रहे हैं कि हर जगह सफाई कराई जा रही है लेकिन ये दावे बुधवार को उस वक्त फेल हो गए जब मुख्यालय के सामने से ही जिम्मेदार कचरे से लोड वाहन अलग नहीं करा पाए।

रेलवे स्टेशन में सवारी बैठाने पर ऑटो चालकों में खूनी संघर्ष, तीन घायल

नवभारत,जबलपुर। सिविल लाइन थाना अंतर्गत मुख्य रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म नंबर-1 के बाहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब सवारी बैठाने के विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इलाका और सवारी बैठाने को लेकर विवाद में ऑटो चालकों के एक गुट ने दूसरे गुट पर चाकू और लोहे के पंच से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार द्वारका वार्ड लालमाटी निवासी सूर्य प्रताप सिंह (42) पेशे से ऑटो चालक हैं। जब वह सवारी लेने के लिए स्टेशन के एंट्री गेट तिराहे पर पहुँचा तभी वहां पहले से मौजूद ऑटो चालक राजा पटेल और नियाज खान ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने दादागिरी दिखाते हुए कहा, यहाँ की सवारी सिर्फ हम बैठाएंगे, तुम यहाँ दोबारा मत दिखना। विवाद बढ़ता देख सूर्य प्रताप के साथी टिंकू कुशवाहा और रोहित बेन बीच-बचाव करने दौड़े, लेकिन आरोपियों ने उन पर भी हमला बोल दिया। आरोपी राजा पटेल ने जेब से चाकू निकालकर टिंकू और रोहित के हाथों पर वार किए, जिससे वे लहूलुहान हो गए। वहीं, एक अन्य अज्ञात युवक ने लोहे के पंच से सूर्य प्रताप की दाहिनी कोहनी पर हमला कर उन्हें गंभीर चोट पहुँचाई। स्टेशन परिसर जैसे भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस वारदात से वहां मौजूद सवारियों और अन्य चालकों में दहशत फैल गई।

अधिवक्ताओं को मिली राहत

जबलपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्वाचन अधिकारी द्वारा जानकारी दी गयी कि कुछ अधिवक्ता जो दूरस्थ स्थानों में निवास करते हैं, उन्हें 16 मार्च को प्रकाशित प्रारंभिक मतदाता सूची के संबंध में समय पर जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी थी इस संबंध में विभिन्न अधिवक्ता संघों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित तिथि 24 मार्च को बढ़ाए जाने का अनुरोध किया गया था। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा हाई पावर इलेक्शन कमेटी की सहमति एवं आदेशानुसार, आपत्तियां अभ्यावेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 28 मार्च शनिवार सायं 4:00 बजे तक निर्धारित किया जाता है, ताकि कोई भी अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह सके। वही प्रदेश के अधिवक्ता संघों एवं समस्त अधिवक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन अधिवक्ताओं ने 24 मार्च तक अपनी आपत्ति अभ्यावेदन प्रस्तुत नहीं किए हैं तथा जिनके नाम 16 मार्च की प्रारंभिक मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हैं, वे निर्धारित नवीन तिथि तक अपनी आपत्ति अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। जिन अधिवक्ताओं द्वारा पूर्व में 24 मार्च तक आपत्ति अभ्यावेदन प्रस्तुत किए जा चुके हैं, उन्हें पुन: आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

पालतू कुत्ते के हमले में 6 साल की मासूम लहूलुहान

नवभारत,जबलपुर। लॉर्डगंज थाना क्षेत्र में एक पालतू कुत्ते के हमले ने 6 साल की मासूम बच्ची को गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर कुत्ते की मालकिन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक विजय विश्वकर्मा लॉर्डगंज क्षेत्र में रहते हैं और पान का ठेला चलाते हैं। बीती रात करीब 9 बजे उनकी 6 वर्षीय बेटी रिपांशी विश्वकर्मा घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली गुड्डी पटेल का पालतू कुत्ता अचानक घर से बाहर निकला और सीधे मासूम बच्ची पर झपट पड़ा। कुत्ते ने मासूम रिपांशी के बाएं पैर के घुटने को दांतों से बुरी तरह जख्मी कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर परिजन और पड़ोसी ज्योति व द्रोपती विश्वकर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्ची को कुत्ते के चंगुल से छुड़ाया।

गर्भवती महिला की चलती ट्रेन में तबीयत बिगड़ी, पमरे ने पेश की मिसाल

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल द्वारा एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता एवं तत्परता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। स्टाफ की सतर्कता से किये गये कार्य के चलते महिला को जहां उपचार मिला, वहीं उसकी जीवन रक्षा भी की जा सकी घटना के मुताबिक गाड़ी संख्या 01143 में यात्रा कर रही एक गर्भवती महिला को अचानक तेज प्रसव पीड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई। ट्रेन के कोच एस-6 सीट संख्या 51 में यात्रा कर रही महिला लक्ष्मी 30 वर्ष जो 9 माह की गर्भवती थीं, को यात्रा के दौरान असहनीय दर्द होने लगा।

इस संबंध में रेल मदद 139 से प्राप्त सूचना के आधार पर जबलपुर स्टेशन पर तत्काल आवश्यक चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। उप स्टेशन प्रबंधक आशीष चड्ढा द्वारा बिना विलंब किए रेलवे अस्पताल के चिकित्सक डॉ. संजय से संपर्क स्थापित किया गया। जैसे ही ट्रेन जबलपुर स्टेशन पहुँची, पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार डॉ. संजय, नर्स ऋतु साहू एवं स्टाफ सदस्य अंगेश्वरी द्वारा प्लेटफार्म पर ही महिला को तत्काल चिकित्सकीय सहायता प्रदान की गई। प्राथमिक जांच के उपरांत चिकित्सक द्वारा महिला को बेहतर देखभाल हेतु अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी गई। रेलवे प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए बिना समय गंवाए एंबुलेंस की व्यवस्था की और महिला को सुरक्षित रूप से रानी दुर्गावती अस्पताल, जबलपुर भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। उक्त महिला अपने पति एवं दो छोटे बच्चों के साथ लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन की यात्रा कर रही थीं।

सुविधा | एचडीएफसी बैंक वाइस प्रेसिडेंट आशीष तलरेजा रहे मौजूद

जबलपुर मंडल और एचडीएफसी बैंक के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

जबलपुर। बुधवार 25 मार्च को जबलपुर रेल मंडल में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा की उपस्थिति में रेलवे पेंशनरों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए एचडीएफसी बैंक एवं जबलपुर मंडल के मध्य एक एमओयू (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक के वाइस प्रेसिडेंट आशीष तलरेजा तथा मंडल कार्मिक अधिकारी (इंचार्ज) वरुण चतुर्वेदी द्वारा एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में मंडल के सहायक कार्मिक अधिकारी सच्चीपति नंदन एवं कल्याण निरीक्षक सुभाष चंद्र भी उपस्थित रहे। इस एमओयू के अंतर्गत एचडीएफसी बैंक द्वारा रेलवे पेंशनरों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जाएंगी, जिनसे उनकी सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी।

ये प्रमुख सुविधाएं मिलेंगी

- व्यक्तिगत दुर्घटना मृत्यु कवर: 80 वर्ष की आयु तक 1 करोड़ रुपये तक
- आश्रित अविवाहित पुत्री के विवाह हेतु सहायता: अधिकतम 5 लाख रुपये
- बच्चों की शिक्षा हेतु सहायता: अधिकतम 5 लाख रुपये
- साइबर सुरक्षा योजना: 3 लाख रुपये तक का कवर
- यह पहल रेलवे पेंशनरों के कल्याण एवं सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

कहां गायब हो गई नाला गैंग?

करमचंद्र चौक के पास नाला बना सिरदर्द

नवभारत,जबलपुर। करमचंद चौक स्थित नाला इन दिनों स्थानीय व्यापारियों और रहवासियों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। आलम ये है कि दिन भर दुर्गंध के बीच लोगों को रहना पड़ रहा है। हैरानी की बात तो ये है कि जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार स्थानीयजनों ने नाला की सफाई करने कहा है लेकिन आज तक नाला की सफाई नहीं हुई है। ताजी तस्वीर में स्पष्ट नजर आ रहा है कि नाला पूरी तरह चोक है और गंदगी पूरी भरी हुई है।

जानकारी के अनुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा बरसात के पहले शहर के बड़े बड़े नालों को चिन्हित कर नालों की सफाई की जाती है और नाला गैंग सक्रिय हो जाती है लेकिन कॉलोनी में स्थित नालों की तरफ नगर निगम का ध्यान नहीं जाता। ऐसे में लोग महापौर से अब पूछने लगे हैं कि साहब आपकी नाला गैंग कहां गायब हो गई है।